प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस आज– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को करेंगी सम्मानित।
- प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज छठा दिन–विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–देश में टीबी की मृत्यु दर वर्ष 2015 से प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर वर्ष 2024 में 21 हुई।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा में बाण गंगा घाट का किया लोकार्पण– हरिद्वार की तर्ज पर मंत्रोच्चारण के बीच संध्याकालीन आरती की शुरुआत।
- प्रदेश भाजपा राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कल धर्मशाला में करेगी विरोध प्रदर्शन।

राष्ट्रपति – दिव्यांगजन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों केलिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के साहस और उपलब्धियों का सम्मान करना है। दिव्यांगजन छात्र, वरिष्ठ राजनयिक, उद्योग भागीदार, और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के गणमान्य व्यक्ति इस समारोह में शामिल होंगे। इधर प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज हमीरपुर के एनजीओ भवन परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में उपायुक्त अमरजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला कल्याण अधिकारी ने दिव्यांगजनों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के धर्मशाला में चल रहे शीतकालीन सत्र की आज छठी बैठक है। प्रश्नकाल के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता।

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज छठा दिन है। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी, जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। इसके अलावा आज सदन में तीन सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श और पारण होना है, जिनमें हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें संशोधन विधेयक 2025, हिमाचल प्रदेश दुकान और वाणिज्य स्थापना संशोधन विधेयक 2025 और भू संपदा, हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 को सदन में विचार विमर्श के लिए रखा जाएगा और इसे पारित किया जाएगा। नियम 62 के अंतर्गत दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण–3 में कांगड़ा जिला में कार्य मे देरी और सुंदर नगर में स्थित जवाहर पार्क में बाहरी व्यापारियों को मेला लगाने की मंजूरी देने के फैसले से स्थानीय व्यापारियों में रोष से उत्पन्न स्थिति पर सदन में चर्चा होनी है। आज भी सदन में हंगामा देखने को मिल सकता है। बीते कल भी नौकरियों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार धर्मशाला।

टीबी मृत्यु दर

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत में टीबी की मृत्यु दर वर्ष 2015 से प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर वर्ष–2024 में प्रति लाख जनसंख्या पर 21 हो गयी है। नई दिल्ली में संसद भवन एनेक्सी सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान पर सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने सांसदों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इस अभियान की निगरानी करने, इससे संबंधित जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल कांगड़ा में नव–निर्मित बाण गंगा घाट का लोकार्पण किया और हरिद्वार की तर्ज पर मंत्रोच्चारण के बीच संध्याकालीन आरती की शुरुआत की। प्रतिदिन होने वाली आरती यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। बाण गंगा घाट लगभग 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बना है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए यहाँ भव्य आरती स्थल, चेंजिंग रूम, शौचालय, आकर्षक मंच, सुंदर पार्क और बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित की गई है। यहां संध्याकालीन आरती के साथ–साथ योगा सत्र और विभिन्न धार्मिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और कांगड़ा का बज्रेश्वरी मंदिर देशभर से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

जयराम ठाकुर

प्रदेश भाजपा द्वारा कल 4 दिसंबर को धर्मशाला में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीन साल से आर्थिक तंगी का हवाला देकर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये रैली आम लोगों की प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ नाराज़गी का एक उदाहरण होगा और प्रदेश सरकार को फैंकने का संकल्प लेंगे।

तो ऐसा है कि सुक्खू जी खाली आए थे और खाली जाएंगे, ऐसा कहकर अपनी बात कह रहे हैं एक तरह के। तो कुल मिलाकरके ये रोना तीन साल तो हो गया, लेकिन अब तीन साल के बाद प्रदेश की जनता काम चाहती है, रोना नहीं सुनना चाहती, रोना नहीं देखना चाहती। रोन्दू सरकार जो है उसे उखाड़ फैंकना है।

अभियान

प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते नशे के खिलाफ जहां सरकार व पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे है वही अब प्रदेश व जिला के लोक गायक भी अपने गानों के माध्यम से इस बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कुल्लू के जाने माने पहाड़ी गायक इंद्रजीत ने चिट्टे के खिलाफ एक गाना लिखा है। उनका कहना है कि हम सभी को इसके प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की भी अपील की है। इस बीच कुल्लू के रथ मैदान में नशे के खिलाफ एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मैंने चिट्टे के खिलाफ एक गाना बनाया है। मैं खासकर युवाओं से निवेदन करता हूं कि वे चिट्टे से दूर रहें। हम सभी को मिलकर एक संकल्प लेना है कि हिमाचल को चिट्टामुक्त और नुशामुक्त बनाना है। यह तभी संभव है जब हम सभी इकट्ठा होंगे और मिलकर अभियान करेंगे।

एनएचएआई–जियो समझौता

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण –एन.एच.ए.आई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार–आधारित सुरक्षा चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के लिए रिलायंसजियो के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को समय पर सूचना प्रदान करके सड़क सुरक्षा को मज़बूत करना है। इसके तहत, यात्रियों को एसएमएस, व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से उनके मोबाइल फोन पर अग्रिम सूचना प्राप्त होगी। इसे प्राधिकरण के डिजिटल प्लेटफॉर्म, राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप्लिकेशन और आपातकालीन हेल्पलाइननंबर 1033, के साथ एकीकृत किया जाएगा। यह स्वचालित प्रणाली राष्ट्रीय राजमार्गों और उनके आसपास रहने वाले सभी जियो मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोगी होगी और यात्रियों को किसी खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही चेतावनी प्रदान करेगी।

चम्बा–पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग

चम्बा–पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भट्टी नाला में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए उसके समाधान के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। यहां करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से डबल लेन पुल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। एनएच विंग के अधिशाषी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि यह पुल इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

मौसम

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर लगातार जारी है और राज्य के कई शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। जनजातीय इलाकों में ठण्ड के बढ़ते प्रकोप से प्राकृतिक जलस्रोतों के जमने से लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लम्बे समय से बारिश न होने के कारण फसलों की बिजाई भी प्रभावित हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार कल 4 दिसम्बर से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है चिट्टा तस्करी में संलिप्त कर्मचारी होंगी बर्खास्त, संपत्ति पर चलेगा बुलडोजर। दैनिक जागरण का शीर्षक है चिट्टा तस्करी में संलिप्त 60 कर्मियों की 10 तक दें रिपोर्ट। पंजाब केसरी के अनुसार 2 सौ 34 पंचायतें नशे के लिए अत्याधिक संवेदनशील, सीआईडी व विशेष पुलिस बल किया तैनात।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस आज– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को करेंगी सम्मानित।
- प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज छठा दिन–विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–देश में टीबी की मृत्यु दर वर्ष 2015 से प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर वर्ष 2024 में 21 हुई।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा में बाण गंगा घाट का किया लोकार्पण– हरिद्वार की तर्ज पर मंत्रोच्चारण के बीच संध्याकालीन आरती की शुरुआत।
- प्रदेश भाजपा राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कल धर्मशाला में करेगी विरोध प्रदर्शन।